Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide employment to local people in iron ore mines in Singhbhum parliamentary constituency, Jharkhand -laid.

***m01**

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र की ओर दिलाना चाहती हूँ। सिंहभूम लोक सभा क्षेत्र अन्तर्गत सरण्डा में जिला पश्चिमी सिंहभूम के प्रखण्ड नोवामुन्डी में स्टील आथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के तीन लौह अयस्क खदान हैं। गुवा, मेघाहातुबुरू, किरीब्य और मनोहरपुर प्रखंड के चिरिया में स्टील ऑथोरिटी ऑफ इडिया का एक लौह अयस्क खदान है। संरडा क्षेत्र के ग्रामीण रोजगार के लिए पूरी तरह से इन्हीं खदानों पर आश्रित हैं। इतने सारे उद्योग होने के बावजूद भी वहां के लोग रोजगार से वंचित हैं और भूख से मर रहे हैं जिसके . चलते दूसरे राज्यों में रोजगार की तलाश में पलायन करने लगते हैं।

अतः इनसे सम्बन्धित मंत्रालय से निवेदन करना चाहती हूँ कि प्रत्येक खदान में स्थायी रूप से कर्मचारी/मजदूरों की नियुक्ति की जाये। वर्तमान में प्रत्येक खदान में कर्मचारी/मजदूरों का पद रिक्त है। सेल गुवा एवं चिरिया के लौह अयस्क खदान में स्थाई नियुक्ति के लिए अंतिम बहाली कब की गई थी जिसकी कोई जानकारी नहीं है।

मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहती हूँ कि सेल के चिरिया एवं गुवा लौह अयस्क खदान सहित किरीबुरू और मेघाहातुबुरू में स्थानीय लोगों के लिये नियुक्ति के लिए बहाली निकाली जाये जिससे वहां के पढ़े लिखे नौजवानों को रोजगार मिल सके और पलायन करने की नौबत न आये।